वर्ष- 3 , अंक- 56
छपरा
16 जनवरी शुक्रवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



# मकर संक्रांति: प्रयागराज में 54 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया

## पीएम ने अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया, पतंगबाजी से दो दिनों में 17 लोगों की मौत

**नई दिल्ली/भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** देशभर के कई हिस्सों में गुरुवार को भी मकर संक्रांति मनाई जा रही है। संक्रांति को लेकर गंगा, यमुना और नर्मदा जैसी प्रमुख नदियों के तटों पर लाखों लोग सुबह से डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज माघ मेले में आज मकर संक्रांति का स्नान पर्व है। संगम में दोपहर 12 बजे तक 54 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

पतंगबाजी से 17 लोगों की मौत मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान लगातार हादसे भी सामने आ रहे हैं। बीते दो दिनों में गुजरात में 9 और राजस्थान में 6, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में 1-1 लोगों की मौत हो चुकी है। यूपी के वाराणसी के गंगा घाट और पश्चिम बंगाल के गंगासागर में स्नान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी है। पंजाब के अमृतसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री दरबार साहिब में पवित्र स्नान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति के अवसर पर अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल का तिल के तेल से अभिषेक हुआ। भस्म आरती में भी तिल चढ़ाया गया और तिल के लड्डुओं का भोग लगा।



## ईरान ने तनाव के बीच एयरस्पेस किया बंद

### एअर इंडिया ने उड़ानों के रूट बदले, जारी की गाइडलाइन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विरोध प्रदर्शनों और तनाव के चलते ईरान में एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। जिसके बाद एअर इंडिया ने अपनी उड़ानों के रूट में बदलाव किया है। एअर इंडिया ने एक बयान जारी कर बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए एअर इंडिया ने ईरान की बजाय अन्य वैकल्पिक रूट का इस्तेमाल करेगी, जिसके चलते कई उड़ानों के रूट बदले गए हैं। जिन उड़ानों के रूट बदलना संभव नहीं हो पाया है, उन्हें रद्द कर दिया गया है। यही वजह है कि एअर इंडिया ने यात्रियों के लिए गाइडलाइन जारी कर कहा है, यात्री एयरपोर्ट पहुंचने से पहले हमारी वेबसाइट पर अपनी उड़ानों का स्टेटस चेक कर लें, ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े।

## अधजले नोट मामले में मेरी भूमिका नहीं : जस्टिस वर्मा

### संसदीय समिति के सामने दाखिल किया जवाब



**नई दिल्ली,एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने सरकारी आवास पर मिले अधजले नोट के मामले में जांच कर रही संसदीय समिति के सामने अपना विस्तृत जवाब दाखिल किया है। अपने जवाब में उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में किसी भी तरह की संलिप्तता से साफ तौर पर इनकार किया है। मामले की जांच कर रही संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुत अपने जवाब में उन्होंने यह सवाल भी उठाया है कि इस मामले को लेकर उन पर महाभियोग क्यों चलाया जाना चाहिए।

## सबरीमाला सोना चोरी मामले में पूर्व टीडीबी सदस्य केपी संकर दास को किया गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल के सबरीमाला मंदिर में सोने के चोरी मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। जहां सोने की चोरी के मामले की जांच कर रही एसआईटी ने बुधवार को पूर्व त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड (टीडीबी) सदस्य के.पी संकर दास को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी दो मामलों में हुई है, जिनमें कथित तौर पर द्वारपालक (रक्षक देवता) की मूर्तियों और श्रीकोविल (मंदिर के गर्भगृह) के दरवाजों से सोना गायब होने का मामला शामिल है। सूत्रों के अनुसार, संकर दास की गिरफ्तारी उस समय जब वे एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे।

## पीएम ने 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस 2026 का उद्घाटन किया

# पीएम मोदी बोले: भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में 28वीं कॉमनवेल्थ स्पीकर्स एंड प्रेसिडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (CSPOC), 2026 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री का स्वागत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, और राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह ने किया।

**देश की पहली नागरिक और दिल्ली सीएम महिला** :प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा की भारत की राष्ट्रपति देश की पहले नागरिक, एक महिला हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री भी महिला हैं। आज, भारतीय महिलाएं न केवल लोकतंत्र में भाग ले रही हैं बल्कि नेतृत्व भी कर रही हैं। आपमें से कई लोग भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र के रूप में जानते हैं। वास्तव में, हमारे लोकतंत्र का पैमाना असाधारण है। उदाहरण के तौर पर, 2024 में हुए भारत के आम चुनाव मानव इतिहास का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अभ्यास थे। लगभग 98 करोड़ नागरिकों ने वोट के लिए पंजीकरण कराया। यह संख्या कुछ महाद्वीपों की जनसंख्या से भी अधिक है। चुनावों में 8,000 से अधिक उम्मीदवार और 700 से अधिक राजनीतिक पार्टियां भाग लीं। महिलाओं के मतदान में भी रिकॉर्ड भागीदारी देखी गई।

उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर आप सभी बैठे हैं वो भारत की डेमोक्रेटिक जर्नी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। गुलामी के आखिरी वर्षों में जब भारत की आजादी तय हो चुकी थी, उस समय इसी सेंट्रल हॉल में भारत की संविधान की रचना के लिए संविधान सभा की बैठकें हुई थी। भारत की आजादी के बाद 75 वर्षों तक यह इमारत भारत की संसद रही और इसी हॉल में भारत के भविष्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय और अनेक चर्चाएं हुईं। अब लोकतंत्र को समर्पित इस स्थान को भारत ने संविधान सदन का नाम दिया है।

**कॉमनवेल्थ साझेदारों के भी काम आए अनुभव:**कॉमनवेल्थ देशों की कुल जनसंख्या का लगभग 50 फीसदी हिस्सा भारत में बसता है। हमारा प्रयास रहा है कि भारत सभी देशों के विकास में अधिक से अधिक योगदान करे। कॉमनवेल्थ के सतत विकास लक्ष्यों में स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास और नवाचार के क्षेत्र में हम पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। भारत सभी साथियों से सीखने का निरंतर प्रयास करता है। हमारा ये भी प्रयास होता है कि हमारे अनुभव अन्य कॉमनवेल्थ साझेदारों के भी काम आए। आज दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है।




### स्पीकर की भूमिका पर भी बोले पीएम मोदी

संसदीय लोकतंत्र में स्पीकर की भूमिका बेहद खास होती है। दिलचस्प बात यह है कि स्पीकर खुद ज्यादा बोलते नहीं हैं। उनका मुख्य काम होता है सदस्यों की बातें सुनना और यह सुनिश्चित करना कि हर किसी को बोलने का मौका मिले। स्पीकरों की सबसे बड़ी खासियत धैर्य है। वे सबसे शोरगुल करने वाले या उत्साही सदस्यों को भी सहनशीलता और मुस्कान के साथ संभालते हैं। संसदीय व्यवस्था में स्पीकर का काम केवल अध्यक्षता करना नहीं, बल्कि सभी सदस्यों के लिए निष्पक्ष और संतुलित माहौल बनाना भी है। पीएम मोदी ने कहा कि यह चौथा अवसर है, जब कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसिडिंग ऑफिसर्स की कॉन्फ्रेंस भारत में हो रही है। इस बार इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय संसदीय लोकतंत्र की प्रभावी डिलीवरी है।

# मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर पीएम मोदी पर बरसे खरगे, ऐतिहासिक धरोहर मिटाने का आरोप

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सिर्फ अपना नाम अंकित करने के लिए हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा गुप्त काल में वर्णित और बाद में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा पुनर्स्थापित मणिकर्णिका घाट की दुर्लभ प्राचीन विरासत को जीर्णोद्धार के बहाने ध्वस्त करने का अपराध किया है, आगे कहा कि सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। नरेंद्र मोदी जी... आप हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। वह भी बस उस पर अपनी नामपट्टिका चिपकाना चाहते हैं,



### नवीनीकरण का उद्देश्य घाट पर स्वच्छता बनना है-जिला मजिस्ट्रेट

प्रदर्शनकारियों ने मणिकर्णिका घाट की पुनर्विकास योजना के तहत विध्वंस अभियान का विरोध किया है। अहिल्याबाई होलकर की एक शताब्दी पुरानी प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जिसे जिला प्रशासन ने खारिज कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बुधवार को कहा कि कलाकृतियों को संस्कृति विभाग द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। काम पूरा होने के बाद उन्हें उनके मूल स्वरूप में पुनः स्थापित कर दिया जाएगा।

# मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शॉर्ट सर्किट, धुआं निकला

### हॉल में अफरा-तफरी, न सवाल लिया, न केक काटा... वापस गईं

**लखनऊ,एजेंसी।** बसपा प्रमुख मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अफरा-तफरी के हालत बन गए। दरअसल, लखनऊ के पार्टी दफ्तर में मीडिया से बात करते वक्त हॉल की छत पर लगी लाइट में शॉर्ट सर्किट हो गया। चिनगारी निकलने लगी। देखते ही देखते हॉल में धुआं भर गया।

कॉन्फ्रेंस हॉल में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। तुरंत ही सुरक्षाकर्मी हरकत में आए और अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल कर हालात पर काबू पाया। तुरंत बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म कर दी गई। मायावती बिना केक काटे और मीडिया के सवाल लिए बिना ही रवाना हो गईं।

इससे पहले बसपा सुप्रीमो ने भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक पर बड़ा बयान दिया। कहा- ब्राह्मण समाज को किसी का बाटी चोखा नहीं चाहिए। उन्हें सिर्फ सम्मान चाहिए। हमारी सरकार बनने पर ब्राह्मणों की चाहत पूरी की जाएगी।



# ऑपरेशन-सिंदूर में शहीद जवान की मां मेडल लेते बेहोश हुईं

## बीकानेर से जयपुर आए जगुआर फाइटर जेट, सड़कों पर उतरे टैंक, ब्रह्मोस मिसाइल



**जयपुर,एजेंसी।** जयपुर की सड़कों पर ब्रह्मोस मिसाइल, भीष्म, अर्जुन टैंक, पिनाका लॉन्चर, रोबोटिक डॉग्स का प्रदर्शन किया गया। आसमान में अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे ने दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए। नाल (बीकानेर) एयरबेस से उड़ान भरकर आए जगुआर फाइटर जेट की खूबियों से भी आमलोग रू-ब-रू हुए।

आर्मी एरिया से बाहर पहली बार आर्मी-डे परेड गुरुवार को जयपुर में हुई। जगतपुरा के महल रोड पर हजारों लोग इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

उधर, ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 1 पैरा स्पेशल फोर्स के जवान लान्स नायक प्रदीप कुमार की मां सेना मेडल लेते हुए मंच पर बेहोश हो गईं। इन्हें सैन्य अधिकारियों ने संभाला। उन्हें तुरंत मंच से उतारकर एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया।

परेड को आर्मी ऑफिसर्स लीड कर रहे थे

परेड की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित करने के साथ हुई थी। इसके बाद गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित आर्मी ऑफिसर्स ने परेड कमांडर को सलामी दी। अशोक चक्र, परमवीर चक्र और महावीर चक्र से सम्मानित आर्मी ऑफिसर्स परेड को लीड कर रहे थे।





**सेनाध्यक्ष बोले- लंबी लड़ाई लड़नी है तो सेना का साजो-सामान देश में बनना चाहिए** :78वीं आर्मी डे परेड के समापन के बाद सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आर्मी चीफ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा- युद्ध 4 दिन चलेगा या 4 साल, यह पहले से कोई नहीं बता सकता, इसका अंदाजा युद्ध क्षेत्र में ही लगता है। ऐसे में अगर देश को लंबी लड़ाई लड़नी है तो सेना का साजो-सामान देश में ही बनना चाहिए।

# हिमाचल में भीषण अग्निकांड : एक ही परिवार के 6 लोगों की जिंदा जलकर मौत

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के अर्की बाजार में हुए दर्दनाक हादसे के दो दिन बाद अब सिरमौर जिले से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिला सिरमौर के नौहराधार क्षेत्र में बीती रात हुए भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के छह लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। मृतकों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इस हृदयविदारक हादसे से पूरा इलाका सदमे में है।

यह दर्दनाक घटना रेणुका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगड़ाह उपमंडल की नौहराधार तहसील की ग्राम पंचायत घंडूरी के तलागना गांव में हुई। बुधवार बीती रात पटवार वृत्त घंडूरी, तहसील नौहराधार के अंतर्गत मोहन सिंह पुत्र रामदयाल के रिहायशी मकान में अचानक भीषण आग लग गई। घटना के समय मकान के भीतर कुल सात लोग मौजूद थे। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल पाया।



प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल लिया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान 42 वर्षीय लोकेंद्र, निवासी ग्राम खुमड़ा, तहसील चौपाल (जिला शिमला) के रूप में हुई है।




# भारतीय पासपोर्ट मजबूत, 85 से 80वें नंबर पर आया ,55 देशों में वीजा फ्री एंट्री

## पाकिस्तानी पासपोर्ट 5वां और बांग्लादेशी पासपोर्ट 8वां सबसे कमजोर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नई रैंकिंग के मुताबिक, भारतीय नागरिक अब 55 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल यात्रा कर सकते हैं।

नई रैंकिंग के मुताबिक, भारतीय नागरिक अब 55 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल यात्रा कर सकते हैं।

भारतीय पासपोर्ट की ताकत पिछले एक साल में बढ़ी है। पासपोर्ट रैंकिंग जारी करने वाले ऑर्गेनाइजेशन हेनली एंड पार्टनर्स की 2026 की रैंकिंग में भारत 5 स्थान की छलांग लगाकर 80वें नंबर पर पहुंच गया है। पिछले साल 2025 में भारत की रैंक 85 थी। नई रैंकिंग के मुताबिक, भारतीय नागरिक अब 55 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल यात्रा कर सकते हैं। यह रैंकिंग पासपोर्ट धारकों को बिना पूर्व वीजा कितने देशों में प्रवेश की अनुमति है, इसी आधार पर तय की जाती है। इधर पाकिस्तानी पासपोर्ट दुनिया का 5वां सबसे कमजोर पासपोर्ट है। पाकिस्तान की नई रैंकिंग 98वीं है। पिछले साल 2025 में PAK की रैंकिंग 103 थी। वहीं, बांग्लादेशी पासपोर्ट 95 वें नंबर पर है और दुनिया का 8वां सबसे कमजोर पासपोर्ट है।

**सिंगापुरी पासपोर्ट लगातार दूसरे साल सबसे मजबूत :** सिंगापुर लगातार दूसरे साल दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट बना हुआ है, जिसे 227 में से 192 देशों में वीजा-फ्री एंट्री है। जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, इन देशों के नागरिक 188 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।

2025 की रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट 85वें स्थान पर था और 57 देशों तक वीजा-फ्री पहुंच थी। 2024 में भी भारत की रैंक 80 थी। यानी 2025 में गिरावट के बाद 2026 में फिर से सुधार देखने को मिला है। हालांकि, वीजा-फ्री यात्रा में 2 देशों कम हो गए है।

### अफगानी पासपोर्ट सबसे कमजोर

186 देशों में फ्री वीजा एंट्री के साथ डेनमार्क, लक्समबर्ग, स्पेन, स्वीडन और स्विटजरलैंड तीसरे स्थान पर रहे। अफगानी पासपोर्ट दुनिया का सबसे कमजोर पासपोर्ट है और लिस्ट में सबसे नीचे 101वें स्थान पर बना हुआ है।

### पाकिस्तान का पांचवां सबसे कमजोर पासपोर्ट

पाकिस्तान ने भी रैंकिंग में 5 स्थान की छलांग लगाई है। पाकिस्तान की नई रैंकिंग 98वीं है। पिछले साल 2025 में PAK की रेंकिंग 103 थी। हालांकि, फिर भी उसका पासपोर्ट विश्व का पांचवां सबसे कमजोर पासपोर्ट है। उसके नागरिक 31 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। पिछले साल पाकिस्तानी पासपोर्ट चौथा सबसे कमजोर पासपोर्ट था। हालांकि, पाकिस्तानी नागरिक 33 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते थे।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने गंगा और नारायणी नदी में लगाई आस्था की डुबकी

### मकर संक्रांति पर बच्चों व युवाओं में पतंग बाजी को लेकर दिखा उत्साह

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मकर संक्रांति पर गुरुवार को अहले सुबह से श्रद्धालुओं ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के दक्षिण वाहिनी गंगा नदी पहलेजा घाट और नारायणी नदी सोनपुर सहित विभिन्न स्नान घाटों पर स्नान करने वाले लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। सर्द हवा के बावजूद भी मकरसंक्राति पर्व के मौके पर गंगा, नरायणी नदियों व घरो में आस्था में डुबकी लगाकर बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य देवलयों में श्रद्धालु ने पहुँच कर भगवान का दर्शन कर विधि विधान के साथ पुजा अर्चना कर घर में सुख-शांति व समृद्धि की कामना ईश्वर से की। पूजा अर्चना के बाद सभी श्रद्धालुओं ने पंडित भीखमंगो को दान दक्षिणा दिया एवं अपने घर के पुरोहित को मकर संक्रांति के पर्व पर दही चुरा लाई तिलकुट विभिन्न प्रकार के स्वादिस्ट सब्जी ब्राह्मणों को खिलाकर उन्हें दान दक्षिणा दिया।खिली धूप और मंद मंद बहती पछिया हवा का पूरा आनंद लोगो ने उठाया। लोगों ने अतिथियों वो घर पहुंचे रिश्तेदारों को भी दही चुरा, गुरु व तिलकुट खिलाने के साथ हर्ष उल्लास के साथ मकर संक्रांति का पर्व लोगों ने शांतिपूर्वक मनाया। तिथि और नक्षत्र के मानने वाले लोग गुरुवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाया और जो लोग वंशजो के द्वारा चली आ रही पुराने परंपरा को मानते आ रहे हैं वैसे सोनपुर प्रखंड के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में 40% लोग मकर संक्रांति का पर्व हर्षालस के साथ बुधवार को मनाया है।मकर संक्रांति त्यौहार के साथ ही खरमास का समापन हो गया ।अब घर से लेकर बाहर तक सभी शुभ कार्यों की शुरुआत होगी।क्योंकि इसी दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण हो जाता है।



पुरानी परंपरा के अनुसार मकर संक्राति के पावन पर्व के मौके पर बच्चों व युवाओं ने घर के आसपास या मैदान में पतंग उड़ाकर हर्ष उल्लास के साथ पतंग बाजी का लुप्त उठाया। पतंगबाजी का नजारा ग्रामीण क्षेत्रों में देखनों को खुब मिला। युवाओं में एक -दूसरे का पतंग काटने का होर लगी रही। पतंग कटते ही बच्चें कटी हुई पतंग को लूटने के लिए दौड़ पड़ते थे। वही पतंगों की दुकानों पर बच्चों और युवाओं में पतंग लेने की होड़ मची रही। कुछ स्थानों पर बच्चों ने घर के बड़े बुजुर्गों के नजरो से बचाकर पतंगबाजी का लुप्त उठाया। इस दौरान नन्हें मुन्हें बच्चों को घर के बड़े लोग गुब्बारा देकर पतंग का बाजी का लुभत उठाया। मकर संक्रांति को लेकर सोनपुर रजिस्ट्री बजार, स्टेशन चौक, गोला बजार,भरपुरा मार्केट,नयागांव, शिकारपुर, सबलपुर,से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न सड़क किनारे स्थाई और अस्थाई दुकानों में चिउरा, दही तिलकुट अन्य सामानों की खरीदारी जमकर हुई। दुकानदारों के सामानों की बिक्री होने से उनके चेहरे पर चमक दिखाई दे रही थी। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से नदी किनारे या टापू स्थलों पर युवाओं को पतंगबाजी करने पर पाबंदी लगा दी थी साथ ही नदियों में नाव के परिचालन पर भी रोक लगा दी थी।

## पहलेजाघाट का पीपा हादसा के इंतज़ार में, प्रशासन की अनदेखी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजाघाट के पीपा पुल के जर्जर अवस्था के मरमती नहीं होने से राहगीरो को आवागमन को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि पीपा पुल के कितने नट ढीला है कुछ नट खुल कर पानी में गिर गए और रैलिंग टूट गयी है. इस पुल पर कई बार हादसा हो चुकी है लेकिन इस समस्या के समाधान नहीं कर यहां के जनप्रतिनिधि या स्थानीय प्रशासन एक बड़ी घटना की इंतजार कर रहे हैं।

बता दे कि सोनपुर प्रखंड के पहलेजाघाट जो दक्षिण वाहिनी गंगा नदी में स्नान करने के लिए बिहार के कोने-कोने से साधु संत महात्मा श्रद्धालु आते हैं। इस धर्मस्थल के चर्चा धर्म ग्रंथो में भी वर्णन है। लेकिन सुविधा के नाम पर स्थानीय सांसद,विधायक या मंत्री या कोई भी जनप्रतिनिधि सुविधा और सुरक्षा देने के लेकर कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। विकास की ढिंढोरा इस तरह से पीटते हैं जैसे बिहार 10 राज्य के श्रेणी में पहुंच गया है लेकिन धरातल पर विकास गुब्बारे की तरह से है. पूर्व में यहां से बड़ी बड़ी जहाज भी चलती थी जिसके बंद होने के पश्चात पहलेजा घाट का हालात पूरी तरह से खराब हो चूका है। गंगा नदी के उस पार में लगभग 1 लाख से ज्यादा लोगों के आबादी वाली बहुत सारे गांव है। जहां लोग निवास करते हैं। जिसके आने जाने का एक मात्र साधन था नाव लेकिन कुछ दिन बाद उस नदी पर आमजन मानस के सुविधा हेतु गंगा नदी पर पीपा पुल का निर्माण कराया गया जिससे लगभग गंगा नदी पार रहने वाले कम से कम 10 पंचायत के लोगो को राहत तो मिली और वो लोगों को आने जाने में सुविधा जनक हुआ । जिससे वे लोग अपने मोटर साइकिल से यात्रा करते थे लेकिन अब इस पीपा पुल का हालात इतना खराब हो चूका है। लोगों का कब जान चली जाएगी किसी को पता नहीं है। पीपा पुल का सारी नट खुल का बिखर गया है। साथ ही जितना भी लोहा प्लेट जिसको बिछाया गया वह सारे के सारे खुल कर ऊपर नीचे हो चुके जिसके कारण लोगों का गाडी का टायर भी फट जाती है। और एक्सीटेंड हो जाती है। जिसके कारण गंगा घाट उस पार बसे गरीपट्टी,रमसापुर, पतलापुर ऐसे बहुत सारे गांव है ? जहां के लोगों का रोज प्रखंड, अंचल, अस्पताल, अनुमंडल कार्यालय सोनपुर में आवागमन लगा रहता हैं । लेकिन पीपा पुल जर्जर अवस्था में होने व रेलिंग के टुटने के कारण सभी यात्रियों के मन में एक भय का माहौल बना हुआ रहता है। कब घटना या दुर्घटना हो जाए क्योंकि सभी लोगों को लिए मात्र एक ही साधन है पीपा पुल। कसमर सरपंच रमाकांत महतो,समाजसेवी यशवंत कुमार, हरेंद्र कुमार साह, कौशल किशोर, नवीन कुमार,नीतीश कुमार,कृष्णा शाह, प्रियदर्शी चौरसिया ने बताया कि पहलेजाघाट - रमसापुर के बीच गंगा नदी पर बना पीपा पुल लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। पुल की कई प्लेटें उखड़ चुकी हैं, जिससे जगह-जगह बड़े गैप बन गए हैं। कुहासे के कारण बाइक, साइकिल और पैदल आवाजाही बेहद जोखिम भरी हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार रोजाना छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोग घायल भी हो चुके हैं।इस गंभीर समस्या का निदान स्थानीय प्रशासन या जनप्रतिनिधि करें नहीं तो जब लोगों की ढाढ़स खत्म हो जाएगी तो एक बड़ा आंदोलन का रूप ले सकता है।

## मुख्यमंत्री के सचिव ने सपत्नीक बाबा हरिहरनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर गुरुवार के अहले सुबह से ही भक्तगण आस्था और श्रद्धा के साथ नारायणी नदी में पवित्र स्नान कर भारी संख्या में सुबह से बाबा हरिहरनाथ मन्दिर में पुजा अर्चना किया। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच दिनभर भरे रहे और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। उपर्युक्त अवसर पर हरिहरनाथ मन्दिर में सामान्य एवं विशिष्ट जनों का आगमन हुआ। जिसमे मुख्यमंत्री बिहार सरकार के सचिव के0 अनुपम अपनी पत्नी डा. प्रतिमा के साथ बाबा हरिहरनाथ मन्दिर में पहुंच कर बाबा हरिहरनाथ का पूजन वन्दन और दर्शन कर प्रदेश के शान्ति व समृद्धि की कामना कर अपने को आनन्दित महसूस किए। इस अवसर पर बाबा हरिहरनाथ मन्दिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लाला ने शॉल और बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किए। मौके पर भाजपा नेता राकेश सिंह, मंदिर मुख्य अर्चक आचार्य सुशील शास्त्री, पवन शास्त्री, सदानन्द पाण्डेय, नन्द बाबा सभी ने बताया कि सुबह से ही दूर-दराज से श्रद्धालु हरिहर क्षेत्र के पवित्र घाटों पर आस्था की डुबकी लगाये और बाबा हरिहरनाथ व लोक सेवा आश्रम में स्थापित सूर्य देव व शनिदेव, दक्षिनेश्वरी काली मंदिर सहित अन्य देवलयों का दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हों गयी। इस अवसर पर बाबा हरिहरनाथ का मनमोहक श्रृंगार और संध्या आरती किया गया जिसे देखकर सैकड़ों श्रद्धावान आनन्दित हुए।

## छपरा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एक करोड़ का चेक प्रदान किया



**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** गुरूवार को सारण जिले के औली ग्राम, निवासी स्वर्गीय राम नरेश राय की धर्मपत्नी श्रीमती शिव कुमारी देवी को भारतीय स्टेट बैंक की राजेंद्र कॉलेज कैंपस शाखा, छपरा द्वारा एक करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। स्वर्गीय राम नरेश राय भारतीय रेलवे में कार्यरत थे।यह चेक भारतीय स्टेट बैंक की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती प्रियंका प्रियदर्शी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक (ऋण) राजेश कुमार, मुख्य प्रबंधक (जमा) राम महेश सिंह, शाखा के मुख्य प्रबंधक चंदन कुमार तथा सेवा प्रबंधक श्रीमती अनुराधा कुमारी उपस्थित रहे। यह राशि भारतीय स्टेट बैंक के वेतन खाते के अंतर्गत रेलवे सैलरी पैकेज (आरएसपी) में शामिल निःशुल्क दुर्घटना बीमा योजना के तहत प्रदान की गई है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आरएसपी सहित सभी सैलरी पैकेज खाताधारकों को यह निःशुल्क दुर्घटना बीमा सुविधा दी जाती है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

## सड़क हादसों में महिला व युवक घायल, रेफर

**दैनिक खोज खबर/एकमा/रसूलपुर (सारण)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से डायल 112 पुलिस ने एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना में रसूलपुर चट्टी निवासी हरेराम राम की पत्नी उर्मिला देवी (52) को एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

दूसरी घटना में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गंभिरार गांव निवासी जितेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र जितु सिंह को रसूलपुर चट्टी में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक समेत ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक विकास कुमार विमल व डॉ. सुशील कुमार प्रसाद ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## सोनपुर एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं में भय का माहौल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भोजन की गुणवत्ता की शिकायत से शुरू हुआ मामला अब कथित मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों तक पहुंच गया है। गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रशिक्षुओं ने केंद्र की प्रिंसिपल के खिलाफ प्रदर्शन पुनः किया। प्रशिक्षुओं का आरोप है कि बुधवार को इस समस्याओं के शिकायत करने पर एक छात्रा को गुरुवार को कमरे में बुलाकर उससे जबरन प्रशिक्षु एएनएम को लिखित ले रही थी कि ट्रेनिंग सेंटर में किसी प्रकार की अनिमिकता नहीं हों रही है न ही मैडम द्वारा पड़तारित किया गया है. इसके लेकर आवेदन लिया । भैंय से कांप रही प्रशिक्षु. ने अपने सभी साथियों से इस तरह के घटना के जानकारी दी। फिर सभी प्रशिक्षकों ने ए एनएम से निकलकर और फिर प्रचार्य द्वारा किए गए कार्यों के खिलाफ नारेबाजी करने शुरू कर दी. इस खबर के सुनते ही सोनपुर प्रशासन ने ट्रैनिग सेंटर पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है। इस खबर के सुनते ही मीडिया के लोग भी पहुंच गए. जहां मीडिया व अधिकारियो के सामने सारी घटनाओं को प्रशिक्षु ने विस्तृत से जानकारी दी और उनसे न्याय दिलाने की मांग की साथ ही जो भय में लोग रह रहे हैं उसे निजात दिलाने की भी बात कही। प्रशिक्षुओं के अनुसार, घटना के बाद से केंद्र में भय का वातावरण है, जिससे पढ़ाई और प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। प्रशिक्षुओं ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से उचित न्याय मिलने और ट्रैनिग सेंटर के कु व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। वहीं स्थानीय भाजपा नेता लालबाबू कुशवाहा ने बताया कि संबंधित मंत्री से इस बात के जनकारी दी गयी जहां मंत्री द्वारा समाधान का आश्वासन मिला है। जल्द ही समस्याओं का निदान किया जायेगा। इस मामले में प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



## संबद्ध डिग्री कॉलेजों के शिक्षक कर्मचारियों का विश्वविद्यालय परिसर का धरना स्थगित

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ फैक्टनेब के द्वारा 16 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में आहूत धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया है । महासंघ के स्थानीय संयोजक प्रो अरुण कुमार पाठक और कुलपति महोदय की वार्ता के आलोक में उक्त धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया है । संयोजक प्रो पाठक ने बताया कि कुलपति महोदय के बुलावे पर वो उनसे मिलने गए जहां कुलपति महोदय से सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई। कुलपति महोदय ने आश्वस्त किया कि सारे कार्य हो रहे है । प्रो पाठक के अनुसार कुलपति ने कहा कि अनुदान वितरण के सिलसिले में काम हो रहा है। जिस कॉलेज का ऑडिट नहीं जमा हुआ है और शिक्षक प्रतिनिधि का नाम नहीं आया है उनसे कहा जाय कि जल्द से जल्द आडिट रिपोर्ट और शिक्षक प्रतिनिधि का नाम जमा करें । मैं अनुदान रिलीज करने जा रहा हूं धरना प्रदर्शन करने की कोई जरूरत नहीं है । कुलपति ने डी बी एस डी डिग्री कॉलेज कदना के शिक्षक कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट के सिलसिले में कहा कि बहुत जल्द दो तीन रोज में वह रिपोर्ट भी आ जायेगा । इस वार्ता के उपरांत संयोजक द्वारा तत्काल प्रभाव से धरना प्रदर्शन को वापस ले लिया गया है ।

## बिष्णुपुरा पंचायत में निर्माणाधीन 6-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रही मौतों से ग्रामीणों में गुस्सा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत बिष्णुपुरा पंचायत में निर्माणाधीन 6-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रही मौतों से गुस्साए ग्रामीणों ने आज मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने आज परियोजना निदेशक ( एनएचएआई, छपरा) और जिलाधिकारी, सारण को ज्ञापन सौंपकर बिष्णुपुरा क्रॉसिंग पर अविलंब व्हीकल अंडर पास निर्माण की मांग की है।

**मौत का पॉइंट बनी क्रॉसिंग-** मीडिया को जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बिष्णुपुरा गाँव से चंवर, कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर और श्री लंगेश्वरी बाबा आश्रम को जोड़ने वाली सड़क को निर्माणाधीन हाईवे बीच से काटता है। इस क्रॉसिंग पर पिछले एक साल में करीब 10 बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

**एक ही परिवार पर टूटा कहर-**ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही का सबसे बड़ा खामियाजा बिष्णुपुरा के स्वर्गीय रामदेव सिंह के परिवार को भुगतना पड़ा है। मात्र 6 महीने के अंतराल में इसी क्रॉसिंग पर हुए हादसों में पिता रामदेव सिंह और उनके पुत्र अजय सिंह की जान चली गई। इस घटना के बाद से पूरा गांव सहमा हुआ है।

**छात्रों और किसानों की जान जोखिम में -**ज्ञापन में बताया गया है कि यह रास्ता सैकड़ों किसानों और छात्रावास में रहने वाले छात्रों का मुख्य मार्ग है। अब जब सड़क 6-लेन की हो रही है, तो वाहनों की रफ़्तार और बढ़ेगी, जिससे पैदल या साइकिल से सड़क पार करना आत्महत्या करने जैसा होगा।

## बिजली विभाग द्वारा छापेमारी में बाईपास मीटर पकड़े जाने पर आधा दर्जन लोग पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** बिजली विभाग के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के गांवों में मकेर बिजली प्रशाखा द्वारा जूनिय अभियंता के साथ सघन छापेमारी की जा रही है, जिसमे आधा दर्जन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर फाइन किया गया है। जूनियर अभियंता अंकित कुमार के साथ मानव बल उपेंद्र शर्मा ,युधिष्टर सिंह ,विनोद साह, एवम अवधेश कुमार सिंह के साथ कैतुका नंदन ग्राम निवासी रबिन्द्र राय ,कामेश्वर राय, फुलवरिया ग्राम निवासी शशि भूषण प्रसाद ,एवम कैतुका लच्छि ग्राम निवासी ,मुकेश कुमार साह पर आरोप है कि ये सभी लोग मीटर से बाईपास कर बिजली जला रहे थे, जिससे विभाग को लाखों रुपये की हानि हो रहीं थीं । मालूम हो कि ग्रामीणों द्वारा सर्द हवाओं एवम ठंढ की कहर से निजात पाने हेतु बिजली का भरपूर इस्तेमाल करने एवम बिजली बिल कम आने के उद्देश्य से जलाते हुए पाया गया है ।जूनियर अभियंता द्वारा इन लोगो पर फाइन किया गया है , ।वही जेई अंकित कुमार का कहना है कि वरीय अधिकारियों के निर्देशन में उक्त कारवाई किया गया है ।

## चंचलिया में मकर संक्रांति पर लगने वाला मेला शान्तिपूर्ण सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रखण्ड के चंचलिया दियारा गांव में गंडक नदी के समीप स्कूल परिसर में लगने वाला मेला गुरुवार को शांतिपूर्ण से सम्पन्न हुआ। प्रशासनिक व्यवस्था एवं स्वयंसेवकों के बीच उक्त मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें लकड़ी के बने सैकड़ों फनीचरो की दुकानें सजाई गई थी। जिसमें मेले में आए लोगों ने दुकानों में पलंग, चौकी, ओखल, टेबल, समेत फर्नीचर की अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की। साथ ही मेले में खेल तमाशे भी आये हुए थे। वहीं मकर संक्रांति को लेकर सुबह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु-भक्तों ने गंडक नदी में डुबकी लगाकर स्नान किया एवं दान पुण्य कर मेले का आनंद लिए। उक्त मेले में तरैया प्रखंड के अलावे, पानापुर, अमनौर, मसरख, मढ़ौरा के साथ-साथ मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेले में तरैया थाने की पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात थे।





## बिहार राज्य सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का हुआ चयन



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 51वीं बिहार राज्य सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बिहार राज्य कबड्डी संघ एवं शेखपुरा ज़िला कबड्डी संघ के तत्वावधान में 17-18 जनवरी को होना निर्धारित है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सारण टीम का चयन स्थानीय खेल भवन छपरा में किया गया। चयनकर्ता के रूप में सीनियर खिलाड़ी दीपू सिंह, शिवशंकर सिंह, मोहित कुमार, हिमांशु कुमार उपस्थित रहे। ट्रायल का विधिवत उद्घाटन सारण जिला कबड्डी संघ के सचिव पंकज कश्यप एवं अनिल जी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। ट्रायल में सम्मिलित खिलाड़ियों ने अपने दमख़म व कौशल से चयन समिति को प्रभावित किया। सारण ज़िला कबड्डी संघ के अध्यक्ष रमाकान्त सिंह सोलंकी, संरक्षक डॉ हरेंद्र सिंह, डॉ देव कुमार सिंह, डॉ सुरेश प्रसाद सिंह,सभापति बैठा, उपाध्यक्ष विकास सिंह ,राणा प्रताप सिंह डब्लू एवं कौशलेंद्र कुमार, राकेश कुमार सिंह ,सुशील कुमार ,नीरज तिवारी ,प्रमोद कुमार सहित संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की है ।अंतिम रूप से चयनित 14 सदस्यीय टीम इस प्रकार हैङ्कअमीषा कुमारी (कप्तान), श्वेता स्वराज, नेहा कुमारी, उज्ज्वला उपाध्याय, निशु कुमारी, अनुष्का कुमारी, रजनी कुमारी, वैभवी कुमारी, खुशी कुमारी, आरती कुमारी, करिश्मा कुमारी, पूजा कुमारी, लूसी कुमारी, शिबू खातून, दल प्रबंधक के लिए अंजलि कुमारी।

## पानापुर में तीन मवेशियों की चोरी से मचा हड़कंप

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के मोरिया पश्चिम टोला में बुधवार की रात तीन मवेशियों की चोरी से पशुपलकों में हड़कंप मच गया है. मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने मोरिया पश्चिम टोला निवासी पथल मांझी, फुलेना मांझी एवं रामरतन भगत की भैंस की चोरी कर ली है. गुरुवार की सुबह जब पशुपालक जगे तो भैंस गायब देख उनके होश उड़ गए. एक साथ तीन मवेशियों की हुई चोरी की घटना सुन पशुपालको में हड़कंप देखा जा रहा है.सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महम्मदपुर में पदस्थापित शिक्षक धनौती गांव निवासी उमेश तिवारी गुरुवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह नौ बजे वे अपने घर से बाइक से विद्यालय जा रहे थे. इसी दौरान पानापुर नहर मार्ग पर एक अनियंत्रित टोटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया. घटना के बाद आसपास के ग्रामीण दौड़े एवं जख्मी शिक्षक को इलाज के लिए पानापुर बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्स्कों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया.

## शराब कारोबारियों ने छापेमारी करने पहुंची पुलिस पर किया हमला, एसआई सहित चार पुलिसकर्मी जख्मी

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के मुड़वा गांव में बुधवार की देर शाम छापेमारी करने पहुँचे पुलिसकर्मियों पर शराब कारोबारियों ने हमला कर दिया. इस हमले में एसआई सहित चार पुलिसकर्मी घायल बताये जाते हैं. घटना के संबंध में बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मुड़वा गांव में शराब कारोबारियों द्वारा शराब की बिक्री की जा रही है एवं वहां शराबियों का जमावड़ा लगा है. सूचना के बाद एसआई गुंजन कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के जवान बुधवार की रात छापेमारी करने पहुँचे जहां शराब कारोबारियों एवं शराबियों के साथ झड़प हो गयी. शराब कारोबारियों ने चोर चोर का शोर मचाकर पुलिस टीम पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया. शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़ पड़े जिससे पुलिस दल को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी. इस हमले में एसआई गुंजन कुमार के अलावे उपेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार एवं चौकीदार राजेश मांझी जख्मी हो गए. सभी घायलों का इलाज सीएचसी पानापुर में किया गया जहाँ गुंजन कुमार को बेहतर इलाज के लिए चिकित्स्कों ने छपरा रेफर कर दिया. इस मामले में पुलिस ने आधे दर्जन नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

## मकर संेंक्रांति पर मांझी रामघाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार को रामघाट से पूरब स्थित मांझी के बहोरन सिंह के टोला घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयु नदी में डुबकी लगाई तथा राम लक्ष्मण जानकी व हनुमान वाटिका मन्दिर में पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के मद्देनजर मांझी नगर पंचायत द्वारा पर्याप्त साफ सफाई व नदी में बेरिकेटिंग कराई गई थी तथा घाट पर पर्याप्त गोताखोरों को तैनात किया गया था एवम नाव से निगरानी की जा रही थी। उधर सुरक्षा ब्यवस्था के मद्देनजर सीओ सौरव अभिषेक,बीडीओ उपेन्द्र दास,नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया के अलावा प्रशिक्षु डीएसपी सह मांझी के थानाध्यक्ष देव आशीष हंस समुचित पुलिस टीम के साथ डटे हुए थे। बता दें कि रामघाट पर कटाव की वजह से उसे प्रतिबंधित करते हुए श्रद्धालुओं को बहोरन सिंह के टोला घाट पर डायवर्ट कर दिया गया था तथा घाट तक जाने वाले तीनों रास्तों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। उधर घाट तक जाने वाले रास्तों के किनारे पूजन सामग्री के अलावा चरखी झूला,सौंदर्य प्रसाधन तथा छोला जलेबी व गोलगप्पे की दुकानें सजी हुईं थी जिनपर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई थी।

## सोनपुर मंडल के अंतर्गत 12 स्टेशनों पर मिलेंगे वाटर वेंडिंग मशीन के माध्यम से शुद्ध पेयजल यात्रियों को कम मूल्य पर सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल होगा उपलब्ध

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल अंतर्गत यात्रियों को बेहतर एवं किफायती सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मंडल के 12 स्टेशनों में विद्यापति धाम, बछवाड़ा, दलसिंहसराय, भगवानपुर, रामदयालु नगर, दिघवारा, भरपुरा पहलेजाघाट, शाहपुर पटोरी, थाना बिहपुर पर वाटर वेंडिंग मशीन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी। इस पहल से यात्रियों को कम मूल्य पर सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है, जिससे विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।वाटर वेंडिंग मशीन की इस सुविधा के माध्यम से न केवल यात्रियों की पेयजल संबंधी समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि इससे रेलवे राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इन 12 स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा से रेलवे राजस्व में 20 से 24 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। यह व्यवस्था यात्रियों के हित में होने के साथ-साथ स्वच्छता, सुविधा और आत्मनिर्भर रेलवे की दिशा में एक सशक्त कदम है। सोनपुर मंडल यात्रियों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की जनोपयोगी एवं यात्री-हितैषी योजनाओं को लागू करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# शिवम अपहरण व हत्या कांड के बाद अब राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति का सिलसिला शुरू

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** अमनौर के चर्चित शिवम अपहरण व हत्या कांड के बाद अब सियासत रंग चढ़ने लगा है. इस घटना के 16 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अबतक इस कांड से जुड़े हत्यारे तक नहीं पहुंच पायी है. जिससे अब विभिन्न राजनीतिक दल इस घटना को लेकर अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लग गये हैं. गुरुवार को राजद की ओर से प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव व विधायक रणविजय साहू सहित छ-सदस्यीय गठित जांच कमिटी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची. जहां जांच प्रतिनिधि मंडल मृतक शिवम के रोते बिलखते परिजनों से बात कर इस घटना से संबंधित पूरी जानकारी ली. वहीं मोबाइल



फोन पर डीआईजी से बात कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तारी करने के लिए कही. परिजनों को ढाढस दिलाते हुए कहा गया कि न्याय दिलाने के लिए पार्टी मजबूती के साथ खड़ी रहेगी.

इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए प्रदेश प्रधान महासचिव व विधायक रणविजय साहू ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह फेल है. अगर पुलिस तत्परता दिखाती तो शिवम के शव की जगह वह सकुशल बरामद होता. उन्होंने कहा कि इस सरकार में आम जन सुरक्षित नहीं है. लूट , हत्या, अपहरण व बलात्कार की घटनाएं इस सरकार में बढ़ी है. इस हत्या के खिलाफ हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग करने सड़क पर उतरते हैं तो पुलिस अंग्रेजी हुकूमत की तरह उन पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि राष्टीय जनता दल बिहार की जनता को इस हालत में नहीं छोड़ सकती है. पूरी ताकत के साथ पीड़ित परिवार के इस लड़ाई को अंतिम अंजाम तक पहुंचाएंगे. उक्त जांच प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रदेश प्रधान महासचिव व विधायक रणविजय साहू, विधायक जितेन्द्र राय, विधायक सुरेन्द्र राम, करिश्मा राय, प्रदेश महासचिव निर्भय आंबेडकर, जिलाध्यक्ष सुनील राय शामिल थे. जहां पार्टी के अन्य दर्जनों नेता मौके पर मौजूद रहे.

**सांसद पप्पू यादव भी पहुंच पीड़ित परिवार से मिले -** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव भी गुरुवार को पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली. वहीं मदद का भरोसा दिलाया. मौके पर पहुंचे सांसद पप्पू यादव ने मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान तथा डीआईजी को फोन कर जल्द से जल्द इस कांड का उद्भेदन कर हत्यारे को गिरफ्तार करने तथा पुलिस के खिलाफ हुए धरना प्रदर्शन के दौरान हुए उपद्रवी घटना में निर्दोष व पीड़ित परिवार के सदस्यों को नाम हटाए जाने की बात कही. कहा शिवम के साथ हुए घटना बहुत बड़ा जघन्य अपराध है. पीड़ित परिवार को न्याय जरुर मिलना चाहिए. गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए पप्पू यादव हमेशा खड़ा रहेगा.

## बिहार में हर दिन हो रही दो दर्जन हत्याएं और कानून का डर नहीं : पप्पू यादव



**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** बिहार में गुंडा राज है और कानून व एकबाल का डर नही हैं।हर दिन बलात्कार व हत्याएं हो रही है।बिहार में इंस्पेक्टर राज है और हर रोज दो दर्जन हत्याएं हो रही है। उक्त बातें पूर्णिया के सांसद पप्पु यादव ने गुरूवार की देर शाम अमनौर प्रखण्ड के सरायबक्स में प्रेस-कांफ्रेंस के दौरान कहीं।उन्होंने कहा कि अमनौर थाने के ग्यारह वर्षीय शिवम हत्याकांड में थाना प्रभारी की लापरवाही है।इस हत्याकांड की दो पहलुओ पर जांच होनी चाहिए।घटना के पन्द्रह दिनों के बाद भी पुलिस अब तक अपराधियों को नही ढूढ़ पाई। घटना घटने के बाद डीआईजी साहब की जानकारी मिलती है। 31 व 11 जनवरी के बीच शिवम को वहा झाड़ी में कब फेंका गया। टावर लोकेशन से जांच की जाए। टावर लोकेशन से हत्यारो की गिरफ्तारी हो और स्पीडी ट्रायल से हत्यारो को कठोर सजा दी जाएं। इतना सत्य है कि बिना गांव के लोगो की मिलीभगत से यह घटना नहीं घट सकती। उन्होनें कहा कि पुलिस जब कोई कार्रवाई नही की तब जाकर लोग सड़क पर उतरे।पीड़ित के परिजनो से लेकर बुजुर्गो को इस केस में नाम दिया गया है जो पूरी तरह गलत है।उन्होंने कहा कि जिस घर में खुशियों ने अभी दस्तक ही दी थी वहा आज सन्नाटा और मातम पसरा है। उन्होने शिवम के पीड़ित परिवर को तत्काल 20 हजार रूपए दिए है और मृतक के चार बहन की शादी में 25-25 हजार रुपए की आर्थिक मदद भी करेगें।उन्होंने कहा कहा कि मधेपुरा में एक विधवा के साथ बलात्कार कर हत्या कर दिया गया।जहानाबाद की लड़की का पटना में बलात्कार कर मार दिया गया।बिहार मे सिर्फ गुंडा राज है।सांसद पप्पु यादव ने सरायबक्स स्थित रामजानकी मंदिर सरायबक्स पर जाकर महर्षि श्रीधर दास जी महाराज से आर्शिवाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संसार में संत महात्मा तो बहुत है परंतु गरीब वंचित पिछड़ों को पढ़ने के लिए स्कूल कॉलेज के निर्माण एवं लोगों को स्वस्थ रहने के लिए अस्पताल के इस्तेमाल करने वाले एकमात्र श्रीधर बाबा है। इस मौके पर श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी, डॉक्टर प्रभु यादव, विपुल यादव, संजय राय, अर्जुन राय, धनेश सिंह, विक्की कुमार राय, अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति के पर दंगल प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी के रामघाट पर मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता में दर्जनों पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदी पहलवानों को पटखनी देकर वाहवाही लूटी तथा पुरस्कार प्राप्त किया। इससे पहले मांझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी देव आशीष हंस तथा ई सौरभ सत्री ने संयुक्त रूप से दंगल प्रतियोगिता का उदघाटन किया तथा विजेता व स्थानीय पुराने पहलवानों को अंगवस्त्र व नकद आदि से सम्मानित किया। इससे पहले अखाड़ा के संस्थापक स्व पायेत पहलवान के पुत्र बलिराम पहलवान ने पूजन कर अखाड़े के विधिवत ध्वजारोहण किया। समारोह में वक्ताओं द्वारा अखाड़े के इतिहास एवम मांझी के पहलवानों की भूमिका पर चर्चा की गई। समारोह में सुनील कुमार पाण्डेय, सच्चिता नंद भारती, रामचन्द्र यादव,भरत यादव समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।दंगल प्रतियोगिता में गोपालनगर के बिहारी पहलवान ने रेवती के




मंतोष पहलवान को,बलिया के छोटू पहलवान ने बनारस के मन्नू पहलवान को मांझी के सूरज पहलवान ने जनता बाजार के सुनील पहलवान को,गोपालनगर के बिट्टू पहलवान ने मांझी के रंजन पहलवान को,मांझी के धनजीत पहलवान ने गाजीपुर के संदीप पहलवान को,मांझी के सरोज कुमार ने बकुलहाँ के रिशी कुमार को,चैनपुर के अंकुश पहलवान ने सेमरिया के कालू पहलवान को,गोपालनगर के अनिल यादव ने मांझी के विशाल यादव को,मांझी के राजेश पहलवान ने बैरिया के सन्देश पहलवान को,मरहा के नसरु पहलवान ने नटवर सेमरिया के आफताब अंसारी को,बैरिया के राजेश पहलवान ने गाजीपुर के शिवम को, दतहा रेवती के मंतोष पहलवान ने बक्सर के कल्लू पहलवान को,बलिया के दिनेश पहलवान ने बनारस के मन्नू पहलवान को,मांझी के राजेश पहलवान ने गाजीपुर के संदीप पहलवान को,गोपालनगर के बिट्टू ने रसीदपुर के प्रभु कुमार को,बकुल्हा के सन्देश पहलवान ने शिवन टोला के शुभम पहलवान को पटखनी दी। महिला वर्ग में गोरखपुर की नम्रता पहलवान ने कानपुर की मुस्कान पहलवान को एवं कानपुर की मुस्कान पहलवान ने वाराणसी की सोनम पाण्डेय को पटखनी दी। नरला के सोनू पहलवान एवं गाजीपुर के संदीप पहलवान,मांझी के आकाश एवं बकुलहा के सन्देश पहलवान के बीच कुश्ती बराबर पर छूटी। दंगल प्रतियोगिता में हजारों दर्शक मौजूद थे।

## अमर शहीद अरुण वॉलीबॉल टूर्नामेंट ट्राफी का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के सरयुपार खेल के मैदान में अमर शहीद अरुण वॉलीबॉल टूर्नामेंट ट्राफी का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन सन्दीप सिंह उर्फ मनु सिंह ने किया। टूर्नामेंट मे बिहार की दो टीमों के अलावा उत्तर प्रदेश की दो टीमों ने भी भाग लिया। मैच में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की टीम विजेता तथा बिहार के सारण जिले के बसडीला की टीम उप विजेता बनी। विजेता तथा उप विजेता टीमों को पंचायत के मुखिया सुनील सिंह, पूर्व जिला पार्षद धर्मेद्र सिंह समाज तथा गौरव किशन सिंह आदि ने ट्राफी प्रदान की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइलन मैच आजमगढ़ तथा गाजीपुर के बीच खेला गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच बिहार के समस्तीपुर तथा बसडीला के बीच खेला गया। बिहार की बसडीला तथा उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की टीम फाइनल में प्रवेश किया। खेल के दौरान मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उपस्थित रही। संचालन उपेन्द्र तिवारी ने किया।



## मकर संक्रांति के पावन मौके पर किया पुष्प का पौधा वितरण

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** सूर्य उपासना के महापर्व मकर संक्रांति के पावन मौके पर पैगा मित्रसेन पंचायत के मुखिया संजीव प्रसाद यादव ने पंचायत के अल्पसंख्यको के बीच पुष्प के पौधों का वितरण किया।पैगा मित्रसेन पंचायत के मुखिया संजीव प्रसाद यादव प्रत्येक साल मकर संक्रांति के मौके पर पंचायत के अल्पसंख्यको व अन्य लोगो को दही- चौड़ा, टिलकुट का भोज खिलाने के बाद पौधों का वितरण करते हैं।पौधों को पाकर लोग काफी खुश थे।मकर संक्रांति के पावन मौके पर हिन्दु-मुस्लिम भाईयो के बीच सौहार्द देखने को मिआ।इधर मुखिया संजीव प्रसाद यादव ने कहा कि मकर संक्रांति का महापर्व पर लोगों के जीवन में अरोग्यता व



सुख-समृद्धि लाये।इस मौके पर पान मोहम्मद, शमीम अंसारी, सुल्तान साई, मंसूर आलम, मो.शमीम, नवीन कुमार, महेश राय, डा.छोटू कुमार साह, भोला खान, मो.सदीक आदि उपस्थित थे।

## दो मजदूरों की मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** बीते शुक्रवार को बेंगलुरू स्थित एक कमरे में हुए गैस रिसाव की वजह से लगी आग में झुलसे मांझी के गुर्दाहाँ खुर्द निवासी दो मजदूरों की मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। बेंगलुरु के विक्टोरिया हॉस्पिटल में मौजूद परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों के दोनों शवों का गुरुवार को ही पोस्टमार्टम हो चुका है तथा शुक्रवार को अपरान्ह ग्यारह बजे इंडिगों की फ्लाइट से दोनों शव पटना पहुंचेगा। उधर परिजनों ने बताया कि मृतकों के मोहल्ले में रहने वाले कुल सत्रह पड़ोसियों के घरों के चूल्हे बुधवार से बुझे पड़े हैं। बावजूद इसके गांव के लोगों द्वारा सामुदायिक स्तर पर खाना बनाकर शोकग्रस्त लोगों को खिलाने पिलाने का प्रयास किया जा रहा है। बताते चलें कि बीते शुक्रवार को बेंगलुरु में हुए हादसे में मोगल मियाँ के पुत्र मुजफ्फर अली उम्र 20 वर्ष तथा मो खलील के पुत्र मो अरबाज उम्र 22 वर्ष की इलाज के दौरान बुधवार की शाम मौत हो गई थी। इनके अलावा गुर्दाहाँ खुर्द निवासी भरदुल खान का पुत्र बिट्टू खान,कन्हैया चौधरी का पुत्र अन्नू कुमार तथा महेश चौधरी का पुत्र रोहित कुमार भी बुरी तरह झुलस गए थे जिनका गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज अब भी जारी है। मालूम हो कि नए वर्ष 2026 के पहले ही दिन गुर्दाहाँ के धोबी टोला मोहल्ले के पांच युवक एक साथ रोजगार की तलाश में बेंगलुरु रवाना हुए थे लेकिन गैस रिसाव हादसे ने उनके साथ साथ पांच परिवार के लोगों को दहला कर रख दिया है। मृतक मुजफ्फर अली अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था जबकि मो अरबाज दो भाई व तीन बहनों में सबसे बड़ा था।

## सरकारी भूमी की 45 दिनों के अंदर जमाबंदी हो जाएगा रद्द, सीओ ने दी जानकारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सरकारी जमीन को अतिक्रमण और अवैध हस्तांतरण से मुक्त कराने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाया है। पूर्व में जिन सरकारी जमीनों की गलत, संदिग्ध या अवैध तरीके से जमाबंदी कायम कर दी गई थी, उन्हें अब एक-एक कर रद्द किया जाएगा। इस पूरी कार्रवाई को समय-सीमा में बांध दिया गया है, ताकि वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन हो सके। सीओ मशरक सुमंत कुमार ने इसको लेकर सभी राजस्व कर्मचारियों और अंचल अमीनों को निर्देश दिया। जिसमें एक सप्ताह के अंदर ऐसे जमाबंदियो को रद्द करने का प्रस्ताव सौंपने का निर्देश दिया है।राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना के प्रधान सचिव के पत्र के आलोक में यह कार्रवाई की जा रही है। सीओ ने स्पष्ट किया है कि बिहार सरकार की जिस लोक भूमि की गलत या अवैध तरीके से जमाबंदी कायम हो चुकी है, उसे तत्काल चिन्हित किया जाए। जारी आदेश के अनुसार, सभी संबंधित कर्मचारियों को उस जमाबंदी का पूर्ण विवरण और राजस्व अधिकारी के मंतव्य के साथ रद्दीकरण का प्रस्ताव तैयार करना होगा। यह प्रस्ताव अगले 10 दिनों के अंदर उनके समक्ष उपस्थित करना सुनिश्चित करना होगा।विभाग ने इस कार्य को अति आवश्यक श्रेणी में रखा है। सीओ ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 10 दिनों के अंदर अवैध कायम जमाबंदी के रद्दीकरण का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होता है, तो इसकी सारी जवाबदेही संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन की होगी और उन पर विभागीय कार्रवाई हो सकती है।

## राम जानकी पथ निर्माण में जमीनों की चरणबद्ध तरीके से होंगी मापी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक से गुजर रही एन एच 227 ए राम जानकी पथ के निर्माण में भूमी अधिग्रहण में बाधक बन रहें प्लाट की मापी चरणबद्ध तरीके और तीव्र गति से की जाएंगी। सीओ सुमंत कुमार ने अंचल कार्यालय परिसर में बैठक में दी जानकारी। आपकों बता दें भगवान राम के जन्मस्थली अयोध्या से मां जानकी के जन्मस्थली जनकपुर को जोड़ने के लिए राम जानकी पथ का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 240 किलोमीटर और चौड़ाई 70 मीटर के करीब होंगी। यह अयोध्या से शुरू होकर यूपी बिहार के बोर्डर मेहरौना घाट से शुरू होकर सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर होते हुए सीतामढ़ी के भिट्ठा मोड़ तक जाएगा और नेपाल सीमा को कनेक्टिविटी देगा। मशरक के आठ गांवों से गुजर रही राम जानकी पथ निर्माण में भूमी अधिग्रहण की प्रकिया तेज़ी से चल रही है जिसका सारण डीएम वैभव श्रीवास्तव के द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया गया हैं। भूमी अधिग्रहण में जमीन मापी के लिए जिले से अमीन की टीम लगाई गई है तो तीव्र गति से मापी के कार्य को अंजाम देंगे और निर्माण कार्य की सारी बाधाएं दूर होंगी जिससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी।

## अररिया में देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तारलूट के इरादे से रखा था हथियार, पुलिस के सामने कबूला जुर्म

**अररिया,एजेंसी।** अररिया के आरएस थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजोखर वार्ड संख्या 3 निवासी कमरुद्दीन का बेटा नौशाद के रूप में हुई है। यह कार्रवाई 14 जनवरी 2026 को की गई।

आरएस थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नौशाद ने अपने घर में एक देसी कट्टा छिपाकर रखा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नौशाद के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उसके घर से एक देसी कट्टा बरामद हुआ।

**पुलिस ने हथियार जब्त कर युवक को किया अरेस्ट :** पुलिस द्वारा कट्टे के वैध कागजात मांगे जाने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद हथियार जब्त कर नौशाद को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इस देसी कट्टे का इस्तेमाल राहगीरों को डराने-धमकाने और उनसे नकदी व कीमती सामान छीनने के लिए करता था।

इस मामले में अररिया आरएस थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी नौशाद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान जारी :** पुलिस की इस कार्रवाई में आरएस थाना प्रभारी अंकुर कुमार के नेतृत्व में मन्नान अंसारी, गणेश साह, धनिक लाल मंडल, तौफीक आलम और तनवीर आलम शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में सुरक्षा की भावना बनाए रखना और अपराध पर अंकुश लगाना है।

## भोजपुर में सड़क हादसे में 3 दोस्त घायल:गंगा स्नान करने के बाद गांव लौट रहे थे, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर



**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन दोस्त घायल हो गए। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए 2 युवकों को पटना रेफर कर दिया। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव के पास की है।

घायलों में टट्टू कुमार(21), सत्यम यादव(21) और छोटे यादव(18) शामिल है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। परिजनों ने बताया कि शिवपुर गंगा घाट पर स्नान करने गए थे। स्नान करने के बाद गांव वापस लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

**जांच में जुटी पुलिस :** हादसे में तीनों घायल हो गए। सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद टूटू और सत्यम को रेफर कर दिया। जबकि छोटे का आरा में ही इलाज चल रहा है। पुलिस आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## पटना समेत 5 शहरों को फरवरी तक 160 सीएनजी बसें मिलेंगी

**पटना,एजेंसी।** पटना, गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और नालंदा को फरवरी तक करीब 160 सीएनजी बसें मिलेंगी। परिवहन विभाग ने हरियाणा की एक कंपनी को इसका ऑर्डर दिया है। इनके लिए बस डिपो में सीएनजी स्टेशन स्थापित होंगे। इसके लिए गैस कंपनी से बातचीत चल रही है। इन 160 में से 50 बसों का परिचालन छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम बंगाल समेत 10 राज्यों में होगा। वर्तमान में उत्तरप्रदेश से 10 वर्ष पुराने रूट परमिट के नवीकरण की प्रक्रिया चल रही है। दिल्ली के लिए नए रूटों की सूची अंतिम चरण में है। इसके बाद हरियाणा से रूट क्लीयरेंस लिया जाएगा। इसी तरह पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मार्गों पर बस परिचालन के लिए एमओयू साइन किया जा चुका है। गुजरात, आंध्रप्रदेश, असम और तेलंगाना से बस परिचालन पर कोई जवाब अबतक नहीं मिला है। परिवहन निगम के बेड़े में वर्तमान में 884 बसें हैं। इनमें 266 सीएनजी और 25 इलेक्ट्रिक बसें हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में निगम की बसों से करीब 2 करोड़ 60 लाख यात्रियों ने सफर किया।



# गयाजी में मरीज की मौत के बाद हंगामा,प्राइवेट अस्पताल में तोड़फोड

### डॉक्टर और स्टाफ मौके से फरार, इलाज में लापरवाही का आरोप



**गयाजी,एजेंसी।** गयाजी शहर में प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन उग्र हो गए। गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। तोड़फोड़ भी की गई है। आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से मरीज देवकी नंदर की जान चली गई। इस बीच डॉक्टर और स्टाफ फरार हो गए। घटना रामपुर थाना क्षेत्र के परमार न्यूरो स्पाइन एंड डेंटल नर्सिंग होम की है।

हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने हालात को काबू में करने की कोशिश की। काफी देर तक समझाने-बुझाने का दौर चलता रहा। इस दौरान अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना रहा। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**डॉक्टर की लापरवाही से मौत :** मृतक के साढ़ू राजेश कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले देवकी यादव(50) का एक्सीडेंट हुआ था। गर्दन की हड्डी टूट गई थी। इलाज के लिए परमार नर्सिंग होम से संपर्क किया गया। डॉक्टर परमार ने नॉर्मल ऑपरेशन की बात कही थी। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि सब ठीक हो जाएगा। ऑपरेशन का खर्च करीब डेढ़ लाख रुपए बताया। 50 हजार रुपए जमा भी करा दिया था।

बुधवार शाम करीब छह बजे देवकी यादव को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। ऑपरेशन के बाद घंटों तक मरीज की स्थिति की सही जानकारी नहीं दी गई। दबाव बनाने पर डॉक्टर ने एक वीडियो क्लिप दिखाया। बताया गया कि गर्दन में दो रॉड और तीन क्लिप लगाए गए हैं। इसके बाद भी मरीज से मिलने या बातचीत करने नहीं दिया गया।

**प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने की मांग :** परिजन आयुष चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि रात के बाद से ही मरीज की हालत बिगड़ रही थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी नहीं दी। गुरुवार सुबह बताया कि कार्डियक अरेस्ट आने से मरीज की मौत हो गई। लापरवाही से ही जान गई है। आरोपियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**बचाने के लिए हर संभव कोशिश किया :** वहीं, डॉक्टर कनिष्क परमार ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि मरीज को गंभीर हालत में लाया गया था। गर्दन में कई जगह फ्रैक्चर थे। सभी जरूरी जांच के बाद ऑपरेशन किया गया। जो सफल रहा, लेकिन बाद में मरीज कार्डियक अरेस्ट में चला गया। सीपीआर सहित सभी मेडिकल स्टेप उठाए गए, इसके बावजूद बचाया नहीं जा सका। इसे लापरवाही कहना गलत है।

**आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी :** इस संबंध में रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि फिलहाल पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही जांच शुरू की जाएगी। घटना के बाद से अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ नर्सिंग होम से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है।

## अमूल दुध के कंटेनर से विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले के सनोखर थानान्तर्गत घोड़ासार (भखरी मोड़) के समीप एक अमूल दुध के कंटेनर वाहन से पुलिस ने कुल 3447.36 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद करते हुए वाहन के चालक को विधिवत् गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को एसएसपी कार्यालय से दी गई। उल्लेखनीय है कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी/छिनतई के हॉट-स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि एक छः चक्का अमूल दुध का कंटेनर में अवैध शराब लेकर बलबड्डा (झारखण्ड) कि ओर से बनियड्डा भखरी के रास्ते भागलपुर कि ओर जाने वाली है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगाँव-01 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

## नगर, भगवान बाजार और कोपा थाने का एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण



**छपरा, एजेंसी।** जिले में विधि-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त और प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने देर रात्रि जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान एसएसपी विनीत कुमार ने नगर थाना, भगवान बाजार थाना एवं कोपा थाना की सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने थानों की रात्रिकालीन ड्यूटी व्यवस्था, संतरी और पिकेट की तैनाती, गश्ती दल की सक्रियता और वायरलेस संचार प्रणाली का अवलोकन किया।

उन्होंने सीसीटीवी निगरानी और हाजत की स्थिति को भी देखा। इसके साथ ही मालखाना और सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी का आकलन किया जा सके।

एसएसपी विनीत कुमार ने थानों के महत्वपूर्ण अभिलेखों की भी जांच की, जिनमें कांड दैनिकी एवं लंबित मामलों की प्रगति, गिरफ्तारी, वारंट और इश्तेहार निष्पादन की स्थिति, आगंतुक पंजी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय रजिस्टर, कर्तव्य में लापरवाही पर दी कड़ी चेतावनी मुख्य रूप से शामिल थे, निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि रात्रि गश्ती को केवल औपचारिकता न बनाकर उसे अधिक प्रभावी बनाया जाए, चिन्हित संवेदनशील इलाकों पर 24 घंटे सतत निगरानी रखी जाए, लंबित कांडों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित हो, थाने आने वाले आम लोगों के साथ शालीन व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

निरीक्षण के दौरान जहाँ कमियां पाई गईं, उन्हें शीघ्र दूर करने का अल्टीमेटम दिया गया, वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

## हावड़ा-दिल्ली के बीच पटना होते चलेगी स्लीपर वंदे भारत



**पटना, एजेंसी।** हावड़ा और दिल्ली के बीच स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलेगी। यह मोकामा, किऊल, पटना, बक्सर सहित बिहार-यूपी के कई बड़े स्टेशनों पर रुकेगी। यह बंगाल के लिए दूसरी तो बिहार और यूपी के लिए पहली स्लीपर वंदे भारत होगी। हावड़ा से दिल्ली तक की करीब 1500 किमी दूरी 14 घंटे में तय होगी। 125 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चलेगी। इस साल 12 स्लीपर वंदे भारत के परिचालन की तैयारी है। हावड़ा-दिल्ली के बीच जल्द चलेगी। 16 कोच वाली इस एसी ट्रेन की यात्री क्षमता 823 है। इसमें थर्ड एसी के 11, सेकंड एसी के 4 और फर्स्ट एसी का एक कोच होगा। थर्ड एसी में 611, सेकंड एसी में 188 और फर्स्ट एसी में 24 यात्री यात्रा कर सकेंगे। यह ट्रेन तेजस राजधानी से भी कम समय में सफर तय कराती है। इसमें बेहतर लाइटिंग, साफ टॉयलेट, चार्जिंग प्वाइंट, एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे, ऑटोमैटिक दरवाजे, फायर सेफ्टी जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलती हैं।

**चार अमृत भारत चलेंगी:** 8 जनवरी तक तीन नई अमृत भारत ट्रेनें चलेंगी। 15949/15950 अमृत भारत डिब्रूगढ़ और गोमती नगर के बीच सप्ताह में एक दिन चलेगी। 22588/22587 अमृत भारत बनारस और सियालदह के बीच चलेगी। यह ट्रेन बनारस से रविवार, गुरुवार, शुक्रवार, जबकि सियालदह से सोमवार, बुधवार, शनिवार को चलेगी। 13065/13066 अमृत भारत हावड़ा और आनंद विहार के बीच साप्ताहिक चलेगी। 11031/11032 अमृत भारत मुंबई के पनवेल और बंगाल के अलीपुरद्वार के बीच साप्ताहिक चलेगी। ये ट्रेनें बिहार होकर गुजरेंगी।

## दरभंगा में होटल से चार अपराधी गिरफ्तार:बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे

**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बहेड़ा थाना क्षेत्र से क्राइम की साजिश रच रहे चार अपराधियों को हथियार के सा2 गिरफ्तार किया है। 2 देसी कट्टा, 5 जिंदा कारतूस, लूट और चोरी का सामान बरामद हुआ है। बहेड़ा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी। भरत चौक स्थित होटल में कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष हरिद्वार शर्मा ने वरीय पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में जानकारी दी। इसके बाद बेनीपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बासुकीनाथ झा के नेतृत्व में विशेष एसआईटी (SIT) टीम का गठन किया गया।



**नेटवर्क को खंगाला जा रहा है :** टीम ने होटल में छापेमारी कर चार अपराधियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। कट्टा, कारतूस, 5 मोबाइल फोन, 2 बाइक, चाकू, 1 सिम कार्ट समेत 14,310 रुपए कैश बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान कई आपराधिक घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। क्रिमिनल रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।

## सुपौल में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### टोल प्लाजा के पास फोरलेन पर हादसा, इकलौता बेटे की मृत्यु से परिवार में कोहराम



**सुपौल,एजेंसी।** सुपौल में बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। घटना किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसी टोल प्लाजा के पास हुई। मृतक की पहचान निर्मली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत निर्मली वार्ड संख्या-1 निवासी कारी कामत के 27 वर्षीय इकलौता बेटा लालू कामत के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लालू कामत किसी कार्य से कोसी टोल प्लाजा के आसपास मौजूद थे, इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी।

**घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था लालू :** घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लालू कामत परिवार के कमाऊ सदस्य बताए जा रहे हैं, जिनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक की जल्द पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मृतक के घर पहुंचकर नगर पंचायत निर्मली के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि जगरनाथ कामत, स्थानीय संतोष गराय, विकास पंजियार सहित कई लोगों ने शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

**पुलिस CCTV की कर रही जांच :** इधर, किशनपुर थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। साथ ही, घटना के सभी पहलुओं पर जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा से खिलवाड़:बिना लाइफ जैकेट पहनाए गंगा में दौड़ा रहे स्पीड बोट

**पटना,एजेंसी।** पर्यटक ध्यान रखें : लाइफ जैकेट मांगें। नाव पलटने या अचानक लहरों में गिरने पर इससे बचेंगे। लाइफ जैकेट आईएसओ मानक वाली हो। बोट की क्षमता से अधिक लोगों को बैठाया जाए तो विरोध करें और बैठने से बचें। लाइफ रिंग पानी में गिरे व्यक्ति को पकड़ने और बाहर निकालने के काम आता है।पटना दीघा घाट से गंगा में पर्यटकों की सुरक्षा ताक पर रखकर स्पीड बोट चलाई जा रही है। बिना लाइफ जैकेट स्पीड बोट पर बैठा दिया जाता है। पर्यटकों ने बताया कि मांगने के बाद भी लाइफ जैकेट नहीं मिली।

# मोतिहारी में हथियारों के साथ 2 बदमाश गिरफ्तार

### पेट्रोल पंप पर झगड़े की तैयारी, पुलिस एक्शन से हिंसक झड़प टली



**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई। केसरिया थाना पुलिस ने हथियारों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर संभावित हिंसक झड़प को नाकाम कर दिया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से इलाके में किसी अप्रिय घटना की आशंका समाप्त हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, केसरिया थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे को गुप्त सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि कुछ युवक सिसवा पटना पेट्रोल पंप के पास लड़ाई-झगड़ा करने की नीयत से इकट्ठा हुए हैं।

**डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन :** सूचना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने तत्काल वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद चकिया डीएसपी संतोष कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने बिना देर किए सूचना के आधार पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से रूपेश कुमार और निशांत कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। दोनों केसरिया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। तलाशी के क्रम में उनके पास से एक नली बंदूक, दो देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस और दो चाकू बरामद किए गए।

**दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही :** इस संबंध में केसरिया थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि झगड़े की वजह क्या थी, हथियार कहां से और किसके द्वारा उपलब्ध कराए गए थे, तथा इस घटना में और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं।

## दीदारगंज में ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा



### वैशाली के युवक की मौत

**पटना,एजेंसी।** दीदारगंज एनएच धर्मशाला के समीप बुधवार सुबह करीब नौ बजे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान वैशाली जिले के फतेहपुर निवासी दिलीप कुमार सिंह के 45 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार के रूप में हुई है।

वह वर्तमान में हाजीपुर नगर थाना के गांधी चौक के पास अपना घर बनाकर रह रहे थे। बुधवार को वह अपनी बाइक से हाजीपुर से दीदारगंज हाईवे होते हुए राघोपुर जा रहे थे, इसी दौरान धर्मशाला के पास मौत बनकर आए ट्रैक्टर ने उन्हें चपेट में ले लिया। दीदारगंज थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने कहा कि फरार ट्रैक्टर और चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**एक घंटे तक एनएच पर लगा रहा जाम :** हादसे के बाद घटनास्थल पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस कारण एनएच पर करीब एक घंटे तक वाहनों की कतार लग गई और जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलते ही दीदारगंज थानाध्यक्ष रणवीर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा। मौत की सूचना मिलते ही हाजीपुर से परिजन दीदारगंज पहुंचे। आलोक अपने भाइयों में सबसे बड़े थे और परिवार की मुख्य जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। आलोक के दो पुत्र हैं। पिता की अचानक मौत की खबर सुनकर बच्चों और पन्ती का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है।